निष्पक्ष, निडर एवं सशक्त राष्ट्रीय दैनिक

युवा शक्ति

कोलकाता संस्करण

www.yuvashaktinews.com

केंद्र की नीतियों ने भारत को बनाया वैश्विक आर्थिक शक्ति : मेघवाल

कोलकाता : रविवार को महानगर कोलकाता पहुंचे केंद्रीय वित्त व उद्योग मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने कई कार्यक्रमों में शिरकत की. सबसे पहले वे इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कॉस्ट कम्पटिशन एंड इकोनॉमिक ग्रोथ कार्यक्रम में शामिल हुए. यहां उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक रूप से एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है. केंद्र की आर्थिक नीतियों ने देश में मूल्यांकन प्रतिद्वंद्विता को तो जरूर बढ़ाया है पर आर्थिक विकास के कारण चुनौतियां व संभावनाएं काफी बढ़ी हैं. इस दौरान संजय गुप्ता , मानस कुमार ठाकुर, सुभाष सरकार, सुष्मिता बोस, कौशिक बनर्जी, विवेकानंद मुखोपाध्याय, प्रोफेसर विनय भूषण चक्रवर्ती, शैवाल कर समेत संस्था के की अन्य लोगों ने कार्यक्रम की सफलता में अपनी भागीदारी निभायी.

इसके बाद श्री मेघवाल मर्चेंट चेम्बर ऑफ कामर्स द्वारा इंडियन इकोनॉमी पर आयोजित परिचर्चा में शामिल हुए जहां उन्होंने जीएसटी समेत तमाम आर्थिक मुद्दों पर बात की. उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे मजबूत आर्थिक शक्ति बनने की क्षमता रखता है, केंद्र की नीतियों ने देश के औद्योगिक परिवेश को एक नयी दिशा दी है जिसके बाद यहां न सिर्फ व्यापार में सरलीकरण हुआ है बल्कि पूरी दुनिया से आयात-निर्यात को एक नया आयाम मिला है. उन्होंने जीएसटी को केंद्र सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धी बताते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य पूरे देश में व्यवसाय को सरल करना है जिसके लिए सरकार ने हर संभव कदम उठाया है. इस परिचर्चा में उनके साथ हेमंत बांगड़ व रमेश अग्रवाल समेत कोलकाता के कई औद्योगिक प्रतिनिधि उपस्थित थे.